**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**20.12.2023 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2849 का उत्तर**

**भारत गौरव रेलगाड़ियां**

**2849. श्री एन. रेड्डप्पः**
**श्री संजय काका पाटील:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क)** योजना के प्रारंभ से अब तक कितनी भारत गौरव रेलगाड़ियां शुरू की गई हैं;
**(ख)** इन भारत गौरव रेलगाड़ियों द्वारा अब तक कितने प्रचालन किए गए हैं;
**(ग)** इन रेलगाड़ियों के चलने से कितना राजस्व प्राप्त हुआ है;
**(घ)** इस योजना से अब तक लाभान्वित हुए राज्यों का ब्यौरा क्या है;
**(ङ)** क्या सरकार का इन रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाने का विचार है; और
**(च)** यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

(क) से (च): नवंबर 2021 में भारतीय रेल द्वारा 'भारत गौरव रेलगाड़ी' नीति जारी की गई थी। इस नीति के अनुसार, सेवा प्रदाताओं को भारत गौरव पर्यटक सर्किट रेलगाड़ियां चलाने के लिए थीम/यात्रा कार्यक्रम के संबंध में निर्णय लेने में पूर्ण स्वतंत्रता है, जिसमें बाजार की मांग, वाणिज्यिक व्यवहार्यता आदि के आधार पर भारत के किसी भी भाग के पर्यटक सर्किट शामिल हो सकते हैं। भारत गौरव रेलगाड़ियों को चलाने के लिए विभिन्न सेवा प्रदाताओं को कुल 17 रेकों का आबंटन किया गया है। दिनांक 30.11.2023 की स्थिति के अनुसार, भारत गौरव रेलगाड़ियों के कुल 171 फेरे लगाए गए हैं और लगभग 102.12 करोड़ का राजस्व अर्जित किया गया है। इन फेरों में 24 राज्यों और केंद्र-शासित क्षेत्रों में स्थित पर्यटन स्थलों की सैर करवाई गई थी।

******

s.k